कार्यवाही ▶ पुलिस और नगर निगम प्रशासन ने पांच कैफे और रेस्टोरेंट किये सील

केबिन और पर्दों की आड़ में चल रहा था गंदा काम

नवभारत, जबलपुर। शहर के रेस्टोरेंट कैफे में नियमों की धज्जियां उड़ाकर केबिन कल्चर चलाने वालों पर पुलिस ने नगर निगम प्रशासन के साथ मिलकर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। ओमती, मदनमहल और अधारताल, माढ़ोताल, क्षेत्र में चल रहे ऐसे 5 नामी कैफे रेस्टोरेंट को पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम ने रंगे हाथों अनियमितताएं पाते हुए सील कर दिया है। इस औचक छापेमारी से शहर के कैफे संचालकों में हड़कंप मच गया है।

एएसपी अनु बोनीवाल ने बताया कि पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि शहर के कई रेस्टोरेंट और कैफे में नियमों के विरुद्ध जाकर छोटे-छोटे गुप्त केबिन बनाए गए हैं। इन केबिनों में गहरे रंग के पर्दे लटकाए गए थे और इन्हें आने वाले ग्राहकों को घंटों के हिसाब से मोटी रकम लेकर किराए पर दिया जा रहा था। पुलिस को इन बंद केबिनों की आड़ में अनैतिक व संदिग्ध गतिविधियां संचालित होने की पुख्ता सूचना मिली

थी। इसके बाद पुलिस ने जाल बिछाकर गोपनीय तरीके से ऐसे संदिग्ध ठिकानों की लिस्ट तैयार की गई।

रेड पड़ने तक टीम को भी नहीं थी लोकेशन की भनक

कार्रवाई को पूरी तरह से गुप्त रखने के लिए एएसपी अनु बोनीवाल ने एक विशेष रणनीति बनाई। नगर निगम की टीम और भारी पुलिस बल को अचानक मुख्यालय बुलाया गया। गोपनीयता का आलम यह था कि कार्रवाई में शामिल पुलिसकर्मियों और निगम अधिकारियों तक को यह नहीं बताया गया था कि छापा कहां मारना है। जैसे ही टीम रवाना हुई, चिन्हित किए गए पांचों ठिकानों पर एक साथ दबिश दी गई, जिससे संचालकों को संभलने या केबिन हटाने का मौका ही नहीं मिला।

दस्तावेजों की जांच, सात दिन में केबिन हटाने का अल्टीमेटम

रेस्टोरेंट या कैफे के भीतर बंद केबिन बनाना और पर्दे लगाना कानूनन अपराध और व्यावसायिक नियमों का सीधा उल्लंघन है। मौके पर टीम ने सभी प्रतिष्ठानों के वैध दस्तावेजों, गुमास्ता और फायर एनओसी जैसी अनुमतियों की जांच की। नियमों की अवहेलना पाए जाने पर पांचों कैफे को मौके पर ही सील कर दिया गया। सख्त हिदायत देते हुए सभी संचालकों को 10 सात का समय दिया है। इस अवधि के भीतर उन्हें अपने प्रतिष्ठान से सभी अवैध केबिन और पर्दे हटाने होंगे, ऐसा न करने पर आगे की कार्रवाई होगी ।

कई रडार पर हैं कैफे, रेस्टोरेंट, स्पा सेंटर

सूत्रों की माने तो यह कार्रवाई यहीं नहीं रुकने वाली है। शहर के अन्य इलाकों में संचालित हो रहे रेस्टोरेंट और कैफे, स्पा सेंटर भी पुलिस की रडार पर हैं। आने वाले दिनों में यह सर्चिंग अभियान और तेज किया जाएगा और जहां भी नियमों का उल्लंघन मिलेगा, वहां बिना किसी रियायत के सीधे कार्रवाई होगी।

इन्हें किया गया सील

छापेमारी की कार्रवाई रसल चौक स्थित डी.एक्स कैफे, मदनमहल स्थित एरिक कैफे, अधारताल अमखेरा अंतर्गत काम 25 कैफे, माढोताल खिजरी खिरिया अंतर्गत सैम कैफे एवं कैफे चैप्टर वन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष जाखड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनु बेनिवाल एवं नगर निगम अपर आयुक्त सौरभ मिश्रा के नेतृत्व में हुई है। अनियमित्तायें पाये जाने पर नगर निगम द्वारा बिल्डिंग एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये पांचों को सील किया गया ।

बिना ठोस कारण मेडिक्लेम ठुकराना बीमा कंपनी को पड़ा महंगा

▶ उपभोक्ता आयोग ने 1.07 लाख रुपये ब्याज सहित चुकाने का दिया आदेश

जबलपुर। आदित्य बिरला हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी को एक बीमा धारक का मेडिक्लेम मनमाने ढंग से निरस्त करना महंगा पड़ गया। जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि कंपनी ने बिना किसी ठोस साक्ष्य और स्पष्ट कारण के दावा खारिज कर सेवा में कमी की। आयोग ने कंपनी को 1,07,613 रुपये सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित अदा करने व मानसिक कष्ट और वाद व्यय के रूप में सात हजार रुपये अतिरिक्त देने का आदेश दिया है।

जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष पंकज यादव व सदस्य अमित सिंह तिवारी और सोनल पंडित की तीन सदस्यीय पीठ ने यह आदेश जबलपुर निवासी रोहित जैन की ओर से दायर परिवाद पर दिया है। परिवादी ने बताया कि उसने आदित्य बिरला हेल्थ इंश्योरेंस की ग्रुप एक्टिव हेल्थ फैमिली फ्लोटर पालिसी ले रखी थी। अगस्त-सितंबर 2020 में न्यूमोनाइटिस के उपचार के लिए लाइफ मेडिसिटी हास्पिटल, जबलपुर में भर्ती होने पर उसके इलाज में 1.07 लाख रुपये से अधिक खर्च हुए। प्रतिपूर्ति का दावा करने पर बीमा कंपनी ने अस्पताल में भर्ती के दौरान लैप्सेस एंड डिस्क्रेपेंसी का हवाला देते हुए 20 मार्च 2021 को दावा निरस्त कर दिया। जिला उपभोक्ता आयोग ने अपने आदेश में कहा कि बीमा कंपनी यह बताने में पूरी तरह विफल रही कि दस्तावेजों या उपचार में आखिर कौन सी कमी अथवा विसंगति थी।

38 साल पुराने आकृति टॉकीज विवाद में कपिध्वज सिंह का दावा निरस्त

हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने रीवा के 38 वर्ष पुराने आकृति टाकीज विवाद में कपिध्वज सिंह के दावे को निरस्त करते हुए दुष्यंत सिंह को बड़ी कानूनी राहत दी है। कोर्ट ने सिविल रिवीजन स्वीकार करते हुए विचारण न्यायालय के 24 जून 2025 के आदेश को निरस्त कर दिया और वर्ष 2015 में दायर वादपत्र को परिसीमा कानून से बाधित मानते हुए निरस्त कर दिया। दुष्यंत सिंह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शशांक शेखर व अधिवक्ता भूपेश तिवारी ने पक्ष रखा। उनके तर्कों से सहमत होते हुए हाईकोर्ट ने सिविल रिवीजन स्वीकार कर स्पष्ट किया कि वाद विधि द्वारा निर्धारित समय .सीमा के बाहर दायर किया गया था। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया है कि वर्ष 1977 के विक्रय विलेख और वर्ष 1979 के शुद्धि विलेख को लगभग 38 वर्ष बाद चुनौती दी गई, जबकि वादपत्र में ऐसा कोई ठोस आधार नहीं बताया गया जिससे यह साबित हो कि वादी को इन दस्तावेजों की जानकारी बाद में हुई। हाईकोर्ट ने माना कि प्रथम दृष्टया दावा परिसीमा अधिनियम के अनुच्छेद 58 व 59 से बाधित है। न्यायालय ने कहा कि वादपत्र में आवश्यक तथ्यों का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया। विवादित भूमि पर निर्माण, नामांतरण सहित अन्य महत्वपूर्ण घटनाओं का पर्याप्त विवरण नहीं दिया गया।

एक नजर में

गैस सिलेंडर के पीछे बैठा था सवा फीट लंबा सांप

जबलपुर। गढ़ा थानांतर्गत पंडा की मढिया गढ़ा के सामने निवासी ओमप्रकाश हीरा के रसोई कक्ष में दोपहर 03 बजे जब उनकी पत्नी सुनंदा हीरा चाय बनाने गई तो उनके पैरों में कुछ सरसराहट हुई तो उन्होंने देखा कि एक सवा फीट लंबा सांप उनके पैरों में से सरक रहा है उन्होंने पैर झटक दिये तो सांप गैस सिलेंडर के पीछे जा कर छिप गया सूचना पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर देवताल तालाब में छोड़ दिया। इसी तरह पनागर में रहने वाले मधुकर सिंह के घर में सुबह ग्यारह बजे पांच फीट लंबा धामन प्रजाति का सांप पकड़ा गया जिसे जंगल में छोड़ दिया गया। ये सर्प जहरीला नहीं होता है।

बाथरूम में युवक ने लगाई फांसी

नवभारत,जबलपुर । भेड़ाघाट थाना अंतर्गत नई बस्ती में एक युवक ने बाथरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । मृतक ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक हेमराज झारिया 43 वर्ष निवासी नई बस्ती भेड़ाघाट ने सूचना दी कि उसके घर के बगल में जीजा नोखेनाल रहते हैं जिनके 2 बेटे, 2 बेटियां हैं उनका सबसे छोटा लड़का भनेज अतुल झारिया 21 वर्ष बुधवार सुबह लगभग 6 बजे फ्रेश होने घर के बाहर आंगन में बनी बाथरूम में गया था कुछ देर तक घर के बाहर नहीं आया, जीजा नोखेलाल ने गेट खोलकर देखा भनेज अतुल झारिया गमछा से फांसी लगाकर लटका था जिसे फांसी से उतारकर मेडिकल कॉलेज लेकर गये सुबह लगभग 7-30 बजे डाक्टर ने चैक कर अतुल झारिया को मृत घोषित कर दिया।

2,399 करोड़ 17 लाख रुपये का रेवेन्यू हासिल किया

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 2,399 करोड़ 17 लाख रुपये का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 2,278 करोड़ 26 लाख रुपये की तुलना में 5.31 प्रतिशत अधिक है। इस राजस्व में यात्री यातायात से 685.83 करोड़ रुपये, माल यातायात से 1,586.59 करोड़ रुपये, अन्य कोचिंग मद से 50.58 करोड़ रुपये तथा विविध (संड्री) आय से 76.18 करोड़ रुपये शामिल हैं। मंडलवार राजस्व में जबलपुर मंडल 1,492.90 करोड़ रुपये के साथ सबसे आगे रहा, जबकि भोपाल मंडल ने 529.33 करोड़ रुपये और कोटा मंडल ने 376.94 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया।

लोन की किश्तें डकारीं, ब्रांच मैनेजर सहित 3 पर एफआईआर

नवभारत, जबलपुर । ग्राहकों से लोन की किश्तें वसूलकर बैंक के खाते में जमा करने के बजाय अपनी जेब में रखने वाले एक माइक्रोफाइनेंस बैंक के ब्रांच मैनेजर समेत तीन कर्मचारियों के खिलाफ कुंडम पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है । महिला लोन ऑफिसर और तत्कालीन ब्रांच मैनेजर सहित तीन कर्मियों ने मिलकर कुल 1,58,711 का गबन किया है।

जानकारी के अनुसार आरबीएल फिनसर्व लिमिटेड बैंक शाखा कुण्डम के एरिया मैनेजर पवन कुमार रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कि कुण्डम तहसील

कार्यालय के सामने स्थित बैंक शाखा में लंबे समय से किश्तों की हेराफेरी चल रही थी। जब बैंक ने आंतरिक स्तर पर सघन जांच की, तो तीन फील्ड कर्मचारियों की संदेही भूमिका सामने आई । ग्रुप लोन ऑफिसर हर्षिता राजपूत ने लोन धारकों से कुल 1,07,042 वसूले थे। शक होने पर जब उनसे कड़ाई से पूछताछ की गई, तो बैंक केवल 12,574 ही वापस ले पाया, जबकि शेष 94,528 लेकर वह गायब हो गई। शाखा के पूर्व ब्रांच मैनेजर पवन कुशवाहा ने अपने कार्यकाल में ग्राहकों से 65,243 कलेक्ट किए। इनमें से महज 10,700 ही बैंक रिकॉर्ड में आए, बाकी के 54,543 मैनेजर ने खुद के उपयोग में खर्च कर दिए। एक अन्य ग्रुप लोन ऑफिसर रोशन पटेल ने क्षेत्र के गरीब लोन धारकों से 9,640 की वसूली की और पूरी की पूरी रकम डकार गया। पुलिस ने आरोपी हर्षिता राजपूत, पवन कुशवाहा और रोशन पटेल के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

ट्राले ने इको कार को मारी टक्कर, चालक की मौत,7 घायल

नवभारत, जबलपुर। पाटन थाना अंतर्गत गुरुपिपरिया गांव के पास जबलपुर से पाटन की ओर जा रहे एक अनियंत्रित ट्राले ने सामने से आ रही मारुति इको कार को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्राला कार को घसीटते हुए सड़क किनारे एक खेत में जा घुसा। इस भयानक दुर्घटना में इको कार के परखच्चे उड़ गए। कार चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में वाहन में सवार सात अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसा उस वक्त हुआ जब कार सवार नर्मदा जी के दर्शन करने ग्वारीघाट जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक प्रजल यादव 20 वर्ष निवासी यादव मोहल्ला तेंदुखेड़ा का बुधवार सुबह

निकिता गौंड़, अंजना गौंड़, शिवा गौड़, शिवन्या गौंड़, नीतू गौंड़ सभी अजय की ईको गाड़ी से नर्मदा जी के दर्शन करने ग्वारीघाट जा रहे थे, अजय अपनी ईको गाड़ी अपनी साईड में किनारे किनारे चला रहा था जैसे ही सुबह लगभग 11-30 बजे पाटन के आगे नेमा मैरिज गार्डन के पास पहुँचे तभी सामने से आ रहे ट्रक क्रमांक एचआर 38 ए एल 3399 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये साईड से ईको वाहन में टक्कर मार दिया था। जिससे ईको वाहन खेत में पलट गयी गई थी ।

घायलों में दो मासूम भी घायल

हादसे में प्रजल, निकिता गौड़, प्रवीण गौड़, अंजना ठाकुर, शिवा 3 वर्ष, शिवन्या गौंड़ 3 वर्ष, प्रदीप गौंड़ को हाथ पैर, मुंह व शरीर में चोटें आईं। घायलों को तुरंत एंबुलेंस से पाटन सिविल हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

चालक फंसा, गैस कटर से हिस्सा काटकर निकाला शव

दुर्घटना के बाद कार की बॉडी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। इस कारण चालक अजय पटेल 23 वर्ष निवासी मानपुरा थाना तेंदुखेड़ा जिला का शव अंदर ही फंस गया। पुलिस ने शव को बाहर निकालने के लिए करीब एक घंटे तक कड़ी मशक्कत की। आखिरकार गैस कटर और अन्य उपकरणों की मदद से कार के हिस्सों को काटकर चालक के शव को बाहर निकाला गया।

ट्रकों में ही सड़ रही लाखों की सब्जियां-फल, नो एंट्री से मिले छूट

जबलपुर। मानसून सीजन में गाड़ियां खराब होने की वजह से गाड़ियां असमय जबलपुर आ जाती है लेकिन नोएन्ट्री की वजह से गाड़ियों को बायपास पर ही रोक दिया जाता है और सैकड़ों टन सब्जियां, फल सड़ रहे है । किसानों, व्यापारियों को लाखों का नुकसान हो रहा है। नो एन्ट्री की वजह से सैकड़ों टन कच्चा माल (सब्जी-फल) खराब होनें से शहर को आपूर्ति नहीं हो पा रही है। नो एंट्री से सब्जी, फलों से लदे वाहनों को छूट दी जाएं। यह मांग व्यापारियों ने एएसपी यातायात से की है।

उन्होंने शिकायत में बताया कि कृषि उपज मंडी समिति जबलपुर संभाग की सबसे बड़ी ए ग्रेड मंडी है जहाँ हजारों किसान कृषि उत्पाद को बेचने के लिये प्रतिदिन अपने वाहनों से माल लाते है। 55 एकड़ के मंडी प्रांगण में अलग-अलग समय में पृथक-पृथक स्थान में उत्पादों की बोली लगाकर मंडी प्रशासन द्वारा माल का विक्रय किया जाता हैं। सर्वप्रथम सुबह 5 बजें से सब्जी एवं फल का विकय प्रारंभ होता है बारिस के मौसम में जबलपुर संभाग के स्थानीय किसानों का उत्पादन शून्य होनें की वजह से समस्त कच्चे माल की आपूर्ति कर्नाटक तमिलनाडू महाराष्ट्र पं. बंगाल उ.प्र. से होती है। लाखों लोगों की आपूर्ति के लिये लगभग 1000 किमी-1400 किमी की दूरी से कच्चा माल जबलपुर आता हैं। चूंकि लंबी दूरी होने या रास्ते में गाड़ीयां खराब हो जाने की स्थिति में कच्चें माल की कुछ गाड़ियां असमय जबलपुर आ जाती है लेकिन नोएन्ट्री की वजह से पुलिस प्रशासन द्वारा गाड़ियों को बायपास पर ही रोक दिया जाता है। लंबी दूरी और बंद गाड़ी की वजह से कच्चा माल गर्म हो जाता है अगर इसको तुरन्त उतार कर बेचा नही गया तो पूरा माल ट्रक में ही सड़ जाने से किसानों एवं व्यापारियों कों लाखों रूपयें की चपत नो एन्ट्री की वजह से लग रही है। नो एन्ट्री में कच्चे माल (सब्जी-फल) के वाहनों को विशेष छूट मिले। जिससें किसानों एवं व्यापारियों को माल सड़ने की वजह से लाखों रूपयें के नुकसान, आपूर्ति बचाया जा सकता हैं।

नौजवानों पर पुलिस का लाठीचार्ज अत्यंत शर्मनाक : टीकाराम कोष्टा

नवभारत, जबलपुर। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी (ओबीसी विभाग) के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व प्रदेश प्रवक्ता टीकाराम कोष्टा ने युवाओं पर हुए पुलिस लाठीचार्ज को अत्यंत शर्मनाक बताया है। कोष्टा ने कहा कि सरकार युवाओं के आंदोलन से घबरा गई है और छात्रों पर हमला नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों पर प्रहार है। पिछले 12 वर्षों में लगभग 152 पेपर लीक होने के खिलाफ आवाज उठाने पर पुलिस का दमनात्मक रवैया निंदनीय है। कांग्रेस किसानों, संविधान, लोकतंत्र और युवाओं के हितों के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी। इस दौरान टीकाराम कोष्टा, अलीम मंसूरी, रामदास यादव, विजय अग्रवाल, संजू ठाकुर, अशोक यादव, मामूर गुड्डू, डॉ. मोइन अंसारी, राजा खान, राजू तोमर और अशोक चौधरी सहित अन्य पदाधिकारियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि आंदोलनकारियों के प्रति पुलिसिया दमन तुरंत बंद किया जाए।

अमरनाथ यात्रा पर गई महिला के सूने मकान से जेवर और नकदी पार

नवभारत, जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत सुहागी में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय मकान मालकिन अपनी बहन के साथ अमरनाथ यात्रा पर गई हुई थीं। चोरों ने बड़ी चालाकी से घर के अंदर घुसकर अलमारी और दीवान के लॉक तोड़े और कीमती सामान समेटकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, नर्मदा परिसर सुहागी निवासी सागर श्रीवास्तव (32) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके पड़ोस में रहने वाली सुश्री अन्नपूर्णा पाण्डे शिक्षिका है और घर में अकेली रहती हैं। बीते 14 जुलाई को वह अपनी बहन के साथ बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए अमरनाथ यात्रा पर रवाना हुई थीं। जाने से पहले उन्होंने घर की देखरेख और गमलों में पानी डालने के लिए मेन गेट, मुख्य दरवाजे और अपनी मोटरसाइकिल की चाबियां पड़ोसी सागर को सौंप दी थीं। 21 जुलाई की शाम को जब सागर अपने काम से घर लौटे, तो उन्हें पड़ोस के मकान में कुछ अजीब लगा। उन्होंने देखा कि मैडम के घर के मेन गेट पर तो ताला लगा था, लेकिन अंदर के मुख्य दरवाजे का एलड्रॉप टूटा हुआ था और दरवाजा खुला था। सागर तुरंत मेन गेट खोलकर अंदर पहुंचे, तो वहां का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। लिविंग रूम में रखी सेंट्रल टेबल की दराजें खुली और बिखरी पड़ी थीं।

कमरों का वीडियो बनाकर भेजा

सागर ने तुरंत अमरनाथ यात्रा पर मौजूद अन्नपूर्णा पाण्डे को फोन लगाकर घर की स्थिति बताई। मैडम के कहने पर सागर ने मोबाइल से अंदर के कमरों का वीडियो बनाकर उन्हें भेजा। बेडरूम का ताला टूटा था, अलमारी और दीवान का पूरा सामान फर्श पर बिखरा हुआ था। वीडियो देखकर मकान मालकिन ने पुख्ता किया कि चोर अलमारी से सोने की 1 चैन, चांदी की 1 जोड़ी पायल और हजारों रुपये की नकदी समेट ले गए हैं। जिसके बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

धनवंतरीनगर में भी हुई चोरी

संजीवनीनगर थाना अंतर्गत धनवंतरीनगर में एक सूने मकान से अज्ञात चोरों ने जेवरात और नकदी पार कर दी। पुलिस ने बताया कि शुभम शुक्ला (25) अपने पैतृक गांव मैहर गए थे। लौटने पर उन्हें घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। चोर अंदर से सोने की अंगूठी, चांदी की पायल, चेन, तीन ब्रांडेड घड़ियां, इंडक्शन, स्पीकर, कपड़े और 4,000 रुपये नगद समेट ले गए।

अमानक डीएपी : तीन पर एफआईआर दर्ज

▶ पनागर में पकड़ी गई थी 60 बोरी अमानक डीएपी

नवभारत,जबलपुर। पनागर थाना अंतर्गत मझौली चौराहा कटनी रोड पर गत दिवस पकड़ी गई अवैध और अमानक डीएपी के मामले में किसान कल्याण व कृषि विकास विभाग द्वारा तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार कृषि विभाग ने उर्वरक के अवैध कारोबार के खिलाफ 17 जुलाई को कार्यवाही की थी। कार्यवाही में फेमिली रेस्टोरेंट के पास कृषि अधिकारियों की चेकिंग के दौरान वाहन क्रमांक एमपी 20 जेड क्यू 3246 में 60 बोरी डीएपी पाई गई थी। जाँच में मोबाइल पर दिखाए गए बिल के अनुसार उर्वरक विंध्य ट्रेडर्स, रीवा से श्री गणेश एग्रो सीड्स पनागर के लिए लाया जा रहा था, जबकि पनागर विकासखंड में इस नाम का कोई भी प्रतिष्ठान अस्तित्व में नहीं है। बिल में उर्वरक आईपीएल कंपनी का दर्शाया गया था, जबकि मौके पर भौतिक रूप से इफ्को कंपनी के नाम की बोरियां पाई गईं। उन्होने बताया कि जब्त डीएपी का नमूना लेकर प्रयोगशाला में परीक्षण कराया गया, जहां विश्लेषण के उपरांत यह अमानक (घटिया स्तर का) पाया गया। इसके अलावा बोरियों में डीएपी के स्थान पर अन्य पदार्थ के दाने भरे हुए मिले। कार्यवाही में मौके पर ही मवाहन सहित अमानक डीएपी को जब्त कर लिया गया था। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की जांच रिपोर्ट पर थाना पनागर में बुधवार को वाहन चालक रामकृष्ण यादव निवासी महाराजपुर जबलपुर, विक्रेता आकाश सिंह निवासी ग्राम बेला जिला रीवा एवं क्रेता सुमित तिवारी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया।

प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता के लिए उच्च स्तरीय समिति बने

▶ एबीवीपी ने सरकार से की मांग

नवभारत, जबलपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता, पारदर्शिता और आवश्यक संस्थागत सुधारों की समग्र समीक्षा के लिए भारत सरकार से एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने की मांग की है। अभाविप ने जंतर-मंतर पर नीट-यूजी सहित विभिन्न शैक्षणिक विषयों को लेकर प्रदर्शन के दौरान उत्पन्न अराजकता, हिंसक टकराव और सार्वजनिक व्यवस्था प्रभावित करने वाली घटनाओं को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण माना है। संगठन का कहना है कि न्यायोचित आंदोलन की आड़ में कुछ राजनीतिक स्वार्थों और समाजविरोधी तत्वों ने अराजकता एवं हिंसा फैलाने का प्रयास किया, जिसकी वह घोर निंदा करती है। अभाविप ने चोटिल विद्यार्थियों व सुरक्षाकर्मियों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए साफ किया कि परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं के विरुद्ध वह प्रारंभ से ही छात्र हितों के साथ मजबूती से खड़ी रही है। वहीं राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि परीक्षाओं की गड़बड़ियों ने लाखों विद्यार्थियों की चिंताएं बढ़ाई हैं।

199 ने तोड़ा ट्रैफिक कानून, कटे चालान

नवभारत,जबलपुर। यातायात नियम तोड़ ने वाले 199 वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 1 लाख 29 हजार 300 रूपये समन शुल्क वसूला गया। इसके अलावा बीते चौबीस घंटे में कई वर्षो से फरार 2 गैरम्यादी, 19 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है एवं 76 जमानती वारंट तामील किये गये। अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 29 व्यक्तियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 142 पाव देशी, अंग्रेजी एवं 38 लीटर कच्ची शराब जप्त की गयी। 3 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 3 चाकू जप्त किये गये।

योजना ▶ पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत मिल रहा लाभ

15 से 25 हजार का ऋण चुकाने वाले स्ट्रीट वेंडर्स को मिलेगा क्रेडिट कार्ड

नवभारत,जबलपुर। केंद्र और राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी पहलों के तहत अब पथ विक्रेताओं के दिन और बदलने वाले हैं। पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 15 हजार और 25 हजार रुपये का पहला व दूसरा किश्त का ऋण सफलतापूर्वक और समय पर चुकाने वाले वेंडरों को अब क्रेडिट कार्ड की सुविधा प्रदान की जाएगी। इस कदम से छोटे कारोबारियों को अपनी कार्यशील पूंजी बढ़ाने और व्यापार का विस्तार करने में सीधी मदद मिलेगी। नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बैंक अधिकारियों के साथ पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान यह महत्त्वपूर्ण जानकारी साझा की। इस दौरान निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि जिन स्ट्रीट वेंडर्स ने अपने पूर्व स्वीकृत ऋण (15,000 एवं 25,000 रुपये) की अदायगी समय पर कर दी है, उन्हें अब बैंक क्रेडिट कार्ड जारी करेंगे। इससे उन्हें बार-बार लोन आवेदन की लंबी प्रक्रिया से गुजरना नहीं पड़ेगा।

डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा

वहीं वेंडरों द्वारा किए जा रहे डिजिटल पेमेंट पर मिलने वाले कैशबेक और क्रेडिट स्कोर के आधार पर ही उन्हें इस नई सुविधा से जोड़ा जा रहा है, जिससे वे मुख्यधारा की बैंकिंग प्रणाली से पूरी तरह सशक्त होकर जुड़ सकें। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बैठक में उपस्थित सभी बैंक अधिकारियों से अपील की कि वे सहृदयता और तत्परता दिखाते हुए अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को इस योजना का लाभ पहुंचाएं। बैठक में अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, अशफाक परवेज कुरैशी, वीएन बाजपेई, सौरभ मिश्रा, उपायुक्त अंकिता जैन, सभी बैंकर्स आदि उपस्थित रहे।